UNITED NATIONS
संयुक्त राष्ट्र

मानव अधिकार दिवस

विषय: मानव अधिकारों के समर्थन में युवा

10 दिसम्बर 2019

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश का संदेश

इस वर्ष मानव अधिकार दिवस के अवसर पर हम मानव अधिकारों को साकार करने में युवाओं की भूमिका को महत्व दे रहे हैं।

विश्वभर में, युवा मार्च कर रहे हैं, संगठित हो रहे हैं और आवाज़ बुलंद कर रहे हैं:

स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार के लिए...

महिलाओं और लड़कियों को बराबर अधिकार दिलाने के लिए...

निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी के लिए...

और अपनी राय खुल कर व्यक्त करने के लिए...

वे शांति, न्याय और समान अवसरों से भरपूर भविष्य पाने के अपने अधिकार के लिए मार्च कर रहे हैं।

हर व्यक्ति चाहे कहीं भी रहता हो, उसकी नस्ल, जाति, धर्म, सामाजिक मूल, जैंडर, सेक्स, राजनीतिक या अन्य धारणा, दिव्यांगता या आय अथवा किसी अन्य हैसियत कुछ भी हो, उसे सभी-नागरिक, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार- पाने का हक है।

इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर मैं सबसे आग्रह करता हूँ कि मानव अधिकारों के समर्थन में खड़े युवाओं को समर्थन एवं संरक्षण प्रदान करें।

***

55 Lodi Estate, New Delhi 110 003, India ☎ 91 (11) 2462 3439, 4653 2333, Fax: +91 (11) 2462 0293, unic.india@unic.org

http://in.one.un.org/ UnitedNationsIndia UNinIndia